हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Sonipat 20-07-2024 - 20 Jul 2024 - Page 1

# महिला विवि : क्षेत्रीय केंद्रों में दाखिले के लिए खुला पोर्टल

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) ने शैक्षणिक सत्र 2024-2025 में खरल (जींद) व कृष्ण नगर (रेवाड़ी) स्थित क्षेत्रीय केंद्रों में संचालित स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए



ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल खोल दिया है। दोनों क्षेत्रीय केंद्रों में यूजी व पीजी की रिक्त सीटों पर आवेदन 21 जुलाई तक किया जा सकता है। कुलपति प्रो. सुदेश ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं की मांग को देखते हुए रिक्त सीटों पर आवेदन के लिए पोर्टल खोला गया है। महिला विवि द्वारा पहले से संचालित व नए शुरू किए गए सभी कोर्स वर्तमान समय की मांग के अनुरूप तथा रोजगारपरक हैं। सभी कोर्स राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत संचालित किए जा रहे हैं। रेवाड़ी के कृष्ण नगर स्थित क्षेत्रीय केंद्र में यूजी पाठ्यक्रमों के तहत 12वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्राओं के लिए चार वर्षीय बीए (ऑनर्स) मल्टीडिसीप्लिनरी, चार वर्षीय बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस (ऑनर्स) मल्टीडिसीप्लिनरी तथा चार वर्षीय बीकॉम (ऑनर्स) कोर्स व पीजी पाठ्यक्रमों के अंतर्गत एमए (इंग्लिश) तथा एमए (पॉलिटिकल साइंस) कोर्स उपलब्ध हैं। जींद के खरल स्थित स्वामी रतन देव रीजनल सेंटर में नई शिक्षा नीति-2020 के तहत संचालित किए जा रहे चार वर्षीय बीए (ऑनर्स) मल्टीडिसीप्लिनरी, चार वर्षीय बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस (ऑनर्स) मल्टीडिसीप्लिनरी, चार वर्षीय बीकॉम (ऑनर्स) तथा चार वर्षीय बीए संस्कृत (ऑनर्स) व पीजी पाठ्यक्रमों में एमए (इंग्लिश) तथा एमए (पॉलिटिकल साइंस) उपलब्ध हैं। विस्तृत जानकारी विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

epaper.haribhoomi.com
Rohtak Rewari 20-07-2024 - 20 Jul 2024 - Page 4




रेवाड़ी। कृष्ण नगर स्थित रीजनल सेंटर का नया भवन। फोटोः हरिभूमि

# रीजनल सेंटर की यूजी व पीजी की रिक्त सीटों के लिए खुला पोर्टल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नाहड़

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां के कृष्ण नगर स्थित रीजनल केंद्र में संचालित स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल खोल दिया गया है। छात्राएं यूजी व पीजी की रिक्त सीटों पर 21 जुलाई तक आवेदन कर सकती है। कुलपति प्रो. सुदेश ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं की मांग को देखते हुए रिक्त सीटों पर आवेदन के लिए पोर्टल खोला गया है। उन्होंने कहा कि महिला विश्वविद्यालय की ओर से पहले से संचालित व नए शुरू किए गए सभी कोर्स वर्तमान समय की मांग के अनुरूप तथा रोजगारपरक हैं। सभी कोर्स राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत संचालित किए जा रहे हैं। कुलपति ने बताया कि नारी शिक्षा व सशक्तिकरण के मूल उद्देश्य के साथ आगे बढ़ते हुए विवि विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में महिला शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। रीजनल सेंटर में यूजी पाठ्यक्रमों में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्राओं के लिए चार वर्षीय बीए मल्टी डिसीप्लिनरी, चार वर्षीय बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस मल्टी डिसीप्लिनरी तथा चार वर्षीय बीकॉम कोर्स उपलब्ध हैं। इसके अलावा पीजी पाठ्यक्रमों में एमए इंग्लिश तथा एमए पॉलिटिकल साइंस कोर्स उपलब्ध हैं। कुलपति प्रो. सुदेश ने बताया कि छात्राओं की सुविधा के लिए महिला विवि के कृष्ण नगर रीजनल सेंटर का आधुनिक नया भवन बनकर तैयार हो चुका है, जिसमें छात्राओं के लिए ई-लाइब्रेरी, कंप्यूटर व विज्ञान लैब सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।



कुलपति प्रो. सुदेश।

पंजाब केसरी
SAT,20 JULY 2024
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए खोला पोर्टल

गोहाना, 19 जुलाई (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में खरल (जींद) व कृष्ण नगर (रेवाड़ी) स्थित क्षेत्रीय केंद्रों में संचालित स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल खोल दिया है। दोनों क्षेत्रीय केंद्रों में यू.जी. व पी.जी. की रिक्त सीटों पर आवेदन 21 जुलाई तक किया जा सकता है।

वी.सी. प्रो. सुदेश ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं की मांग को देखते हुए रिक्त सीटों पर आवेदन के लिए पोर्टल खोला गया है। उन्होंने कहा कि महिला विश्वविद्यालय द्वारा पहले से संचालित व नए शुरू किए गए सभी कोर्स वर्तमान समय की मांग के अनुरूप तथा रोजगारपरक हैं। सभी कोर्स राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत संचालित किए जा रहे हैं।



उनके अनुसार नारी शिक्षा व सशक्तिकरण के मूल उद्देश्य के साथ आगे बढ़ते हुए विश्वविद्यालय विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में महिला शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। रेवाड़ी के कृष्ण नगर स्थित क्षेत्रीय केंद्र में यू.जी. पाठ्यक्रमों के तहत 12वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्राओं के लिए 4 वर्षीय बी.ए. (ऑनर्स) मल्टीडिसीप्लिनरी, 4 वर्षीय बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस (ऑनर्स) मल्टीडिसीप्लिनरी तथा 4 वर्षीय बी.कॉम (ऑनर्स) कोर्स उपलब्ध हैं। इसके अलावा कृष्ण नगर क्षेत्रीय केंद्र में पी.जी. पाठ्यक्रमों के अंतर्गत एम.ए. (इंगलिश) तथा एम.ए. (पॉलिटिकल साइंस) कोर्स उपलब्ध हैं।

वी.सी. ने आगे बताया कि कृष्ण नगर रीजनल सैंटर का आधुनिक नया भवन बनकर तैयार हो चुका है, जिसमें छात्राओं के लिए ई-लाइब्रेरी, कम्प्यूटर व विज्ञान लैब सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। वहीं जींद के खरल स्थित स्वामी रतन देव रीजनल सैंटर में नई शिक्षा नीति-2020 के तहत संचालित किए जा रहे 4 वर्षीय बी.ए. (ऑनर्स) मल्टीडिसीप्लिनरी, 4 वर्षीय बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस (ऑनर्स) मल्टीडिसीप्लिनरी, 4 वर्षीय बी.कॉम (ऑनर्स) तथा 4 वर्षीय बी.ए. संस्कृत (ऑनर्स) कोर्स उपलब्ध हैं। इसके साथ ही पी.जी. पाठ्यक्रमों में एम.ए. (इंगलिश) तथा एम.ए. (पॉलिटिकल साइंस) उपलब्ध हैं।

वी.सी. ने कहा कि पाठ्यक्रमों की पात्रता, रिक्त सीटों की संख्या, फीस समेत अन्य विस्तृत जानकारी महिला विश्वविद्यालय की वैबसाइट पर उपलब्ध प्रॉस्पैक्ट्स से प्राप्त की जा सकती है।

कार्रवाई की जा रही है।

# रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में यूजी और पीजी की रिक्त सीटों के लिए पोर्टल 21 तक खुला

भास्कर न्यूज | नाहड़

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर स्थित रीजनल सेंटर में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन को पोर्टल खोल दिया गया है। 21 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। कुलपति प्रो. सुदेश ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं की मांग को देखते हुए रिक्त सीटों पर आवेदन के लिए पोर्टल खोला गया है।

छात्राओं की सुविधा के लिए महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर रीजनल सेंटर का आधुनिक नया भवन बनकर तैयार हो चुका है, जिसमें छात्राओं के लिए ई-लाइब्रेरी, कंप्यूटर व विज्ञान लैब सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं।

उपरोक्त पाठ्यक्रमों की पात्रता, रिक्त सीटों की संख्या, फीस समेत अन्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.bpsmv.ac.in पर उपलब्ध है।

# रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फिर से आरंभ




**त्रिनेत्र न्यूज/ सुनील खनेजा**

**कोसली**/उपमंडल कोसली के गांव कृष्ण नगर में स्थित रीजनल सेंटर में UG और PG कोर्स में फिर दोबारा से रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया आरंभ भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय का दक्षिण हरियाणा में एकमात्र सरकारी महिला रीजनल सेंटर कृष्ण नगर के नए भवन में वत्रऋऔर ढत्रऋ कोर्स में ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं को ध्यान में रखते हुए और आवेदन से वंचित छात्राओं के लिए विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सुदेश ने UG और PG कोर्स में रजिस्ट्रेशन के लिए फिर से ऑनलाइन पोर्टल 18 जुलाई से 21 जुलाई तक खोल दिया है, जो छात्राएं 12th के बाद और B.A के बाद दाखिला लेना चाहती है वह सभी छात्राएं अपने प्रमाण पत्रों सहित रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में 18 से 21 जुलाई तक पहुंचे क्योंकि इसके बाद आवेदन नहीं होगा और छात्राएं दाखिले से वंचित रह सकती हैं। इस विषय पर निदेशक प्रोफेसर बलबीर सिंह ने बताया कि प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए यूजी और पीजी कोर्स में दाखिले के लिए फिर से अवसर मिला है और पुरानी छात्राएं तीसरे हुए पांचवें सेमेस्टर की ऑनलाइन फीस अपने सभी प्रमाण पत्रों सहित रीजनल सेंटर आकर 22 जुलाई से 30 जुलाई तक जमा करें इसके अतिरिक्त छात्रों के लिए हेल्प डैक्स है सभी को को कोर्स की जानकारी के लिए छात्राएं रीजनल सेंटर में संपर्क करें नई छात्राएं बीए ऑनर्स मल्टी डिसीप्लिनरी, बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस ऑनर्स मल्टीडिसीप्लिनरी, बैचलर कॉमर्स और एम ए इंग्लिश , एम पॉलीटिकल साइंस में 18 से 21 जुलाई तक रीजनल सेंटर में आकर आवेदन करें छात्राओं के लिए रीजनल सेंटर से आने जाने के लिए बसों की भी सुविधा है। रीजनल सेंटर में 22 जुलाई से कक्षाएं आरंभ की जा रही है

# क्षेत्रीय केंद्रों में दाखिलों को खोला पोर्टल

वि., गोहाना : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2024-2025 में जींद में खरल और रेवाड़ी में कृष्ण नगर स्थित क्षेत्रीय केंद्रों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए आनलाइन आवेदन को पोर्टल खोल दिया। रिक्त सीटों पर आवेदन 21 जुलाई तक किया जा सकता है।



डा. सुदेश छिक्कारा, कुलपति

कुलपति प्रो. सुदेश ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं की मांग को देखते हुए रिक्त सीटों पर आवेदन के लिए पोर्टल खोला गया है। उन्होंने कहा कि महिला विश्वविद्यालय द्वारा पहले से संचालित व नए शुरू किए गए सभी कोर्स वर्तमान समय की मांग के अनुरूप और रोजगारपरक हैं। सभी कोर्स राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत संचालित किए जा रहे हैं। कृष्ण नगर स्थित क्षेत्रीय केंद्र में यूजी पाठ्यक्रमों के तहत 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्राओं के लिए चार वर्षीय बीए (आनर्स) मल्टीडिसीप्लिनरी, चार वर्षीय बैचलर आफ फिजिकल साइंस (आनर्स) मल्टीडिसीप्लिनरी और चार वर्षीय बीकाम (आनर्स) कोर्स उपलब्ध हैं। पीजी पाठ्यक्रमों के अंतर्गत एमए इंग्लिश और एमए पालिटिकल साइंस कोर्स उपलब्ध हैं। खरल स्थित केंद्र में चार वर्षीय बीए (आनर्स) मल्टीडिसीप्लिनरी, चार वर्षीय बैचलर आफ फिजिकल साइंस (आनर्स) मल्टीडिसीप्लिनरी, चार वर्षीय बीकाम (आनर्स) और चार वर्षीय बीए संस्कृत (आनर्स) कोर्स उपलब्ध हैं।